अमर उजाला 20/04/2025

# राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी का सफल आयोजन

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग की ओर से राष्ट्रीय छात्र संगोष्ठी का आयोजन हाइब्रिड मोड में किया। यह संगोष्ठी प्रो. वीर सेन विनय मल्होत्रा ट्रस्ट के संरक्षण में संपन्न हुई। कुल 41 प्रतिभागियों ने विभिन्न राज्यों, जैसे चंडीगढ़, मुंबई, कैथल सोनीपत, रेवाड़ी, उत्तर प्रदेश आदि से भाग लिया। इसके अतिरिक्त फिनलैंड से भी दो प्रतिभागियों ने सहभागिता दर्ज की। वहीं ऑफलाइन तरीके से 100 छात्र भी सेमिनार में मौजूद रहे। संवाद